बिहार सरकार
खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

E Mail
FAX

पत्रांक – प्र04–र0वि0अधि0–01/12– 1902 खाद्य, पटना/दिनांक– 27/3/2012

प्रेषक,

शिशिर सिन्हा,
प्रधान सचिव ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी ।

विषय :– अगामी रब्बी विपणन मौसम 2012–13 के अन्तर्गत गेहूँ की अधिप्राप्ति की तैयारी के क्रम में जिला में गेहूँ उपज की संभावना के अनुरूप न्यूनतम लक्ष्य एवं कार्य–योजना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि राज्य में इस वर्ष गेहूँ के रिकार्ड उत्पादन की संभावना है । विदित हो कि रब्बी विपणन मौसम 2012–13 अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा किसानों के लिए गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1285/– रूपये प्रति क्वींटल निर्धारित किया गया है । खरीफ विपणन मौसम 2011–12 की तरह इस मौसम में भी गेहूँ की अधिप्राप्ति का कार्य मुख्य रूप से पैक्स के माध्यम से ही किया जाना है तथा बिहार राज्य खाद्य निगम का प्रत्येक प्रखंड में क्रय केन्द्र क्रियाशील रहेगा ।

अनुरोध है कि रब्बी विपणन मौसम 2012–13 अन्तर्गत गेहूँ अधिप्राप्ति कार्यक्रम की तैयारी के क्रम में जिलावार लक्ष्य निर्धारित करने हेतु अपने जिला में गेहूँ की उपज की संभावना के अनुरूप जिला का न्यूनतम लक्ष्य तथा अपने जिला की विस्तृत कार्य–योजना बनाकर 31 मार्च, 2012 तक निश्चित रूप से विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय ताकि मुख्यालय स्तर पर इसकी समीक्षा कर समेकित रूप से अधिप्राप्ति कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार कर एवं कार्यान्वित कर अधिप्राप्ति कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया जा सके ।

विश्वासभाजन,

26.3.12
प्रधान सचिव ।

D:\2012\Sec_4\RMS.doc